## एक नजर

### चुनाव की तैयारी में सपाई

**शाहजहांपुर।** सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव विजय सिंह चौहान ने कहा कि आने वाला समय सपा का है। इसलिए कार्यकर्ता अभी से वर्ष 2027 के चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। मोहल्ला बिजलीपुरा में आयोजित बैठक में विजय ने कहा कि भाजपा के शासन में हर वर्ग के लोग परेशान है। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि कानून व्यवस्था बदहाल हो गई है। बैठक में अति उल्ला अंसारी, शाहनवाज इदरीसी, अवधेश वर्मा, रोशन लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### आठ अपराधी छह माह के लिए जिला बदर

**शाहजहांपुर।** शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाएं रखने को लेकर न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन की ओर से लंबित उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3(1) के वादों का निस्तारण करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा द्वारा बड़ा एक्शन लिया गया है। जिसके क्रम में 19 मई से 15 जून तक 8 अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर करते हुए वादों का निस्तारण किया गया है। थाना वार जिला बदर सूची में कोतवाली जीशान अहमद बिजलीपुरा, खुदागंज सुधीर सिंह चौहान निवासी ग्राम हसनापुर, सदर बाजार अरविंद सोनकर निवासी मोहल्ला हाजी बिल्डिंग, आदित्य घुसिया मोहल्ला हाजी बिल्डिंग, पुवायां सौरभ मिश्रा निवासी मोहल्ला हरदयाल कूंचा, हरिओम गोस्वामी ग्राम बगडेर, सौरभ गोस्वामी ग्राम बगडेर, निगोही बादशाह निवासी मधवामई पर जिला बदर की कार्यवाही की गई।

### हादसे में युवक की मौत

**शाहजहांपुर :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर कालोनी निवासी 24 वर्षीय वैभव अरोड़ा की चार खंभे पर टायर की दुकान है। वह दोपहर एक बजे किसी काम से साउथ सिटी गए थे। वह बाइक से लौट रहे थे। बरेली मोड़ पर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। घायल को मेडिकल कालेज भेजा गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिवार वाले उसका शव लेकर घर आ गए।

# 277 हैंडपंप की जांच किए बिना ही बंद कर दी फाइल

## हैंड पंप रिबोर घोटाले में कई सवाल अब भी हैं अनसुलझे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हैंडपंप रिबोर घोटाले में फिर नया खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद पता चला है कि शिकायतकर्ता ने 458 हैंडपंप रिबोर की जांच करने की मांग की थी, लेकिन जांच अधिकारियों ने 181 हैंडपंप की जांच करने के बाद ही फाइल बंद कर दी। जबकि अभी 277 हैंडपंप की जांच बाकी थी।

जांच अधिकारियों की ओर से बताया गया कि जैतीपुर ब्लॉक से 181 हैंडपंप की सूची मिली है, शेष की सूची ब्लॉक से नहीं मिल पा रही है। जानकारी होने पर शिकायतकर्ता ने दोबारा से जांच कराने की मांग करते हुए कमिश्नर बरेली से शिकायत की थी। जिस पर दोबारा जांच हो रही है। जो जांच अब बरेली की टीम कर रही है। जिसमें डीडी पंचायत बरेली भी हैं। दो बार टीम जैतीपुर आ चुकी है।

बंडा के रामप्रवेश शुक्ला ने पिछले वर्ष जैतीपुर विकासखंड क्षेत्र के 53 ग्राम पंचायत में हुए 458 हैंडपंप रिबोर की जांच के लिए लोकायुक्त से शिकायत की थी। डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश यादव के नेतृत्व में टीम ने जांच की थी। जनवरी 2024 में बीडीओ जैतीपुर को पत्र भेजकर हैंडपंप रिबोर की सूची मांगी थी। नहीं मिलने पर 29 जनवरी को दोबारा सूची मांगी गई थी। बीडीओ की तरफ से केवल 181 की सूची उपलब्ध कराई गई थी। जांच में बड़ा घोटाला सामने आया था। अधिकांश हैंडपंप रिबोर होने की पुष्टि नहीं हुई थी। रिबोर से पूर्व हैंडपंप कहां लगा था, इसके भी साक्ष्य नहीं मिल सके थे। केवल स्थानीय लोगों के बयान के आधार पर हैंडपंप रिबोर माना गया था। टीम के मुताबिक दी गई रिपोर्ट के अनुसार 181 हैंडपंप में 38 हैंडपंप नहीं मिले। 25 हैंडपंप का रिबोर होना नहीं पाया गया था। सात हैंडपंप का रिबोर बंद मिला था। तीन हैंडपंप घरों के अंदर लगे पाए गए थे। तीन में सबमर्सिबल लगा मिला था। जांच से असंतुष्ट रामप्रवेश शुक्ला ने कमिश्नर बरेली कार्यालय में वाद दायर किया था। इसमें सभी 458 हैंडपंप रिबोर की जांच की मांग कर घोटाले पर कार्रवाई की मांग की है।


हैंडपंप। ● अमृत विचार

**लोकायुक्त के आदेश पर हुई पहली जांच:** हैंडपंप रिबोर घोटाला एक समय में ओपन सीक्रेट बन गया था। जानते सभी थे कि हैंडपंप रिबोर के नाम पर सिर्फ घोटाला किया जा रहा है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के तमाम हैंडपंप हमेशा खराब ही पड़े रहते थे। इसके बाद भी लगातार इनको रिबोर कराने के लिए पैसा आता था। धीरे-धीरे यह बात बंडा निवासी राम प्रवेश शुक्ला तक पहुंची। उन्होंने मामले की शिकायत लोकायुक्त से की। जिसके बाद मामले की पहली जांच की गई, लेकिन जांच आधी-अधूरी की गई। 458 हैंडपंपों की जांच की मांग थी, लेकिन सिर्फ 181 हैंडपंप की जांच की गई। राम प्रवेश ने मामले की दोबारा शिकायत की।

- शिकायतकर्ता की मांग पर दोबारा शुरू हुई जांच
- पहली जांच में रह गई थी कई खामियां
- अब दोबारा बरेली के अधिकारियों ने शुरू की जांच

### दोबारा जांच की जरूरत क्यों

दोबारा जांच की जरूरत इसलिए समझी जा रही है क्योंकि पहली जांच अधूरी है। 458 की जगह पर 181 हैंडपंप की ही जांच हुई है और 277 हैंडपंप जांच के लिए शेष हैं। जिनकी जांच होना बाकी है। ऐसे में जांच बंद कराने से सवाल उठ रहे हैं। पहली जांच रिपोर्ट में जिस तरह से अनियमितताएं पाई गई हैं। उस तरह से कार्रवाई नहीं हो पा रही है। हैंडपंप रिबोर कराने के लिए ग्राम पंचायत की ओर से प्रस्ताव किया जाता है और उसी पर हैंडपंप रिबोर होते हैं, लेकिन इस मामले में ग्राम पंचायत का प्रस्ताव नहीं है। पहली जांच में इसका कोई जिक्र नहीं है कि आखिर ग्राम पंचायत का प्रस्ताव क्यों नहीं है। इसके अलावा पहली जांच रिपोर्ट रिबोर की मेजरमेंट बुक का कोई जिक्र नहीं है। डीडी पंचायती राज बरेली महेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

## छब्बालाल की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा प्रिजर्व

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मरेना गांव के छब्बा लाल के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा प्रिजर्व किया गया, जो जांच के लिए भेजा जाएगा। इधर मृतक के परिवार वालों का आरोप था कि उसके शरीर में चोट के निशान थे और हत्या का आरोप लगाया था।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव मरैना निवासी 55 वर्षीय छब्बालाल करीब 12 साल से बसंतापुर स्थित मुख्तार सिंह के झाले पर काम करते थे। वह अधिकांश झाले पर रहते थे। शुक्रवार की रात आठ बजे वह खेत पर पानी लगाने के लिए गए थे। शनिवार की दोपहर उनकी तलाश की गयी तो उनका शव खेत पर पड़ा मिला।

झाला मालिक ने परिवार वालों को जानकारी दी थी। परिवार वाले झाले पर पहुचे। झाला मालिक ने कहा कि आशंका है कि उनकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। मृतक के परिवार वालों का आरोप था कि उसके शरीर में चोट के निशान थे और हत्या का आरोप लगाया था। परिवार वालों का कहना है कि छब्बालाल की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर में चोट के निशान नहीं पाए गए और मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा प्रिजर्व किया गया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विसरा जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वित्त मंत्री ने किया पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ


पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

संवाददाता, रौसरकोठी

**अमृत विचार:** पर्यावरण की सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों के लिए हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाए और उसके पेड़ बनने तक उसकी देखभाल का जिम्मा लें। यह बात वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कही।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ आवास विकास बरेली मोड़ स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं विश्वकर्मा पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान आम, अशोक, बोटल पॉम, खिरनी एवं बोगन वेलिया में लगभग कुल 80 पौधों का रोपण किया।

इसके अतिरिक्त मंत्री ने आवास विकास में ही स्थित अटल पार्क को भी देखा, पार्क के उचित रखरखाव के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला, राजकमल वाजपेयी, नगर निगम से सहायक अभियंता प्रेमचन्द्र आर्य, क्षेत्रीय लोगों में विपिन तिवारी, नरेंद्र मिश्रा, गंगा सिंह यादव, राम जी मिश्रा, अभिषेक वाजपेयी, ईशान अरोरा, अभिषेक तिवारी आदि लोग रहे उपस्थित।

## कर्नल कुशल कुमार चौधरी का निधन


**शाहजहांपुर।** कर्नल एकेडमी के चेयरमैन कर्नल कुशल कुमार चौधरी का 82 वर्ष की उम्र में रविवार सुबह चार बजे निधन हो गया। उन्होंने कर्नल एकेडमी की स्थापना की थी, जो आज अग्रणी है शिक्षण संस्थान है। उनके निधन पर शिक्षा जगत, जनप्रतिनिधि और व्यापारियों ने शोक जताया है। उनका अंतिम संस्कार सैनिक सम्मान के साथ रविवार शाम 4:00 बजे मोक्षधाम पर किया गया। उन्हें सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुखाग्नि बेटे डॉ. प्रणव चौधरी ने दी। उनके अंतिम संस्कार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, अमित यादव, वीरेंद्र पाल यादव, उपेन्द्र पाल, अवधेश दीक्षित, डॉ. केडी सिंह, विवेक तुली, आशीष गुप्ता, व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम, आदित्य यादव, विवेक सेंगर, बलराम शर्मा, संजय पाल, सुशील रस्तोगी, प्रखर खंडेलवाल, हिमांशु यादव, विनीत मिश्रा आदि शामिल हुए।


कर्नल कुशल

### स्मैक समेत अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने रविवार की दोपहर हाईवे पर मौजमपुर गांव के सामने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 54 ग्राम स्मैक और 200 रुपये बरामद की है। पकड़ा गया अभियुक्त नईम निवासी बिथरी चैनपुर थाना बिथरी जिला बरेली है।

## एनसीसी के बच्चों ने शहीद संग्रहालय में किया योग


शहीद संग्रहालय में योग करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 25 यूपी बटालियन एनसीसी ने शाहजहांपुर और सीमावर्ती इलाकों में विभिन्न जगहों पर एनसीसी के बच्चों के लिए योग शिविर का आयोजन किया। शाहजहांपुर में कुल 689 और सीमावर्ती इलाकों में 345 छात्रों ने योगाभ्यास में भाग लिया। 25 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल संग्राम सिंह चीमा ने बताया कि योग स्वस्थ जीवन की चाह रखने वाले लोगों के लिए वरदान है। योग का संचालन शहीद संग्रहालय में हुआ। इसमें एनसीसी के अलावा कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

## एसपी ने थाना प्रभारियों के कसे पेंच, चोरियों का करें खुलासा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बोले- कार्य में शिथिलता मिली तो थाना प्रभारी पर होगी कार्रवाई
- पुलिस लाइन में दिए निर्देश अपराधों पर करें नियंत्रण

**अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया। चोरी की घटनाओं का खुलासा करें और चोरी की घटनाओं में अुकंश लगाया जाए। शिथिलता पाए जाने पर थाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

क्राइम मीटिंग में एसपी राजेश द्विवेदी ने घटित गंभीर अपराध हत्या, लूट, चोरी, दुष्कर्म, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, साइबर क्राइम आदि की गहन समीक्षा की। उन्होंने चोरी की घटनाओं पर निर्देश दिए कि चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाए और चोरी की वारदातों पर अकुंश लगाया जाए। प्रत्येक थाना और चौकी क्षेत्र में रात की गश्त तेज की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित विवेचनाओं का दैनिक समीक्षा करें और विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए। वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित करके गिरफ्तार किया जाए।

एसपी ने कहा कि महिला हेल्प को सक्रिया रखने एवं महिलाओं संबंधित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। साइबर अपराध को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए। एसपी कार्यालय से आने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। जनता और पुलिस के बीच विश्वास की भावना बढ़े। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाएं और ढाबों व होटलों की चेकिंग करें और अपराध नियंत्रण में रखे। मीटिंग में एएसपी सिटी, एएसपी ग्रामीण, समस्त सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।


क्राइम मीटिंग करते एसपी राजेश द्विवेदी।। ● अमृत विचार

## गर्रा नदी के नए पुल पर लोड कम करने का काम शुरू

**रौसरकोठी, अमृत विचार।** लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरदोई बाईपास और बरेली मोड के बीच नए बने गर्रा नदी के पुल की भार क्षमता मापने के लिए सोमवार को 12 ट्रकों में पत्थर मिट्टी भरकर पुल का भार 480 टन लोड डाल कर नापा गया। आईआईटी दिल्ली से निर्देश आने के बाद रविवार दोपहर 12 बजे से हर दो घंटे के अंतराल पर दो ट्रक से 80 टन लोड घटाया गया। रात 10 बजे तक 480 टन लोड गर्रा पुल से हटाया जा चुका था।

गर्रा पुल पर कुल 480 टन लोड डालकर सेंसरों के द्वारा भार क्षमता को मापा गया। और 480 टन बजन रोका गया। मंगलवार को पुनः आईआईटी दिल्ली के इंजीनियर गर्रा पुल का निरीक्षण करने आने की उम्मीद है।टेस्टिंग के बाद पुल को आम जनमानस के लिए खोल दिया जाएगा।

प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक दवे ने बताया कि पुल के ऊपर कुल 480 टन लोड डाला गया था जोकि रविवार दोपहर से दो घंटे के अंतराल से कम किया गया। साइट इंजीनियर सुरजीत वर्मा ने बताया मंगलवार को आईआईटी दिल्ली की टीम जांच करेगी। सेंसर के द्वारा अप्रूवल मिलने के बाद पुल को आम जनमानस के लिए खोल दिया जाएगा।

## एसडीएम ने किया भैंसी खुदाई का निरीक्षण

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** रविवार को एसडीएम ने भैंसी नदी की चल रही खुदाई का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को काम में और तेजी लाने के निर्देश दिए। नदी पुनर्जीवन अभियान के तहत भैंसी नदी क्षेत्र में खुदाई का काम चल रहा है।

शनिवार को लेखपालों के तबादले होने के चलते कुछ समय के लिए काम प्रभावित हुआ लेकिन बाद में लेखपालों की ड्यूटी लगाकर काम शुरू करवा दिया गया था। एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने 25 तारीख तक काम को पूरा करने को कहा था। जिसके बाद रविवार की सुबह एसडीएम चित्रा निर्वाल पन्नाघाट स्थित भैंसी नदी पर पहुंची और नदी में चल रही खुदाई का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने झरसा व भैंसी पुल, मीरपुर व मोतीपुर भी पहुंचकर काम देखा साथ ही तमाम लेखपालों समेत अन्य कर्मचारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोकभारती सदस्य राजीव सिंह, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, अधीर त्रिवेदी समेत अन्य तमाम लोकभारती कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।


भैंसी नदी का निरीक्षण करतीं एसडीएम चित्रा निर्वाल। ● अमृत विचार

## बंद मकान से लाखों के जेवर चोरी

**तिलहर।** बंद मकान के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपए के जेवरात चुरा ले गए। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की।

घेरचौबा मोहल्ला निवासी शराफत ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शनिवार को पुवायां के रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गया था रविवार की सुबह मोहल्ले के लोगों ने उनके मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूट पड़े होने की सूचना फोन से दी। शराफत ने बताया कि कमरे में रखें बक्से का ताला तोड़कर चोर उसमें से सोने का टीका, दो जोड़ी कान के टॉप्स, चांदी की तीन जोड़ी पायल, सोने की नथ, एक जोड़ी चांदी के हाथफूल चुरा ले गए।

## सांप काटे तो झाड़ फूंक नहीं, अस्पताल में कराएं इलाज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बारिश के दिनों में सांप काटने की घटनाएं बढ़ जाती है। सांप के काटने परिवार वाले अंधविश्वास में पड़कर झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ जाते है। जब उसकी तबीयत अधिक खराब हो जाती है तो सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचते है। डॉक्टरों का कहना है कि झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़े और मरीज को सीधे अस्पताल लेकर जाए। सरकारी अस्पताल में सांप काटने की वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

बारिश के दिनों में सांप बिलों से बाहर निकल आते है। सांप किसी व्यक्ति को काट लेता है तो परिवार वाले अंधविश्वास में पड़कर झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ जाते है। परिवार वाले मरीज को लेकर झाड़ फूंक वाले के पास ले जाकर कई घंटे बिता देते है। अंतिम समय में उसे लेकर मेडिकल कालेज और सीएचसी पर पहुचंते है। 10 दिनों में सांप काटने की कई घटनाएं हो चुकी है। जलालाबाद में किशोर विशाल, खुदागंज के अजय, बंडा में अमित और पुवायां में पिंकी देवी को सांप ने काट लिया था। परिवार वाले झाड़ फूंक कराते रहे। सभी मरीजों की मौत हो गयी। मेडिकल कालेज के फिजिशियन डा एमएल अग्रवाल का कहना है कि सांप के काटने पर तुरंत मेडिकल कालेज या सीएचसी पर लाना चाहिए। मरीज के एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगाकर जान बचायी जा सकती है। जहरीले सांप के काटने पर झाड़ फूंक का कोई असर नहीं होता है।

### सांप काटने पर बरतें सावधानियां

- सांप काटने पर घबराना नहीं चाहिए बल्कि हिम्मत बांधना चाहिए। मरीज को हार्ट अटैक पड़ने का डर बना रहता है।
- जिस अंग पर सांप ने काटा है, उस अंग को स्थिर रखे बल्कि हाथ-पैर को चलाना नहीं चाहिए। यदि पैर पर काटा है तो उसके ऊपर किसी चीज से बांध दे, जिससे जहर फैल न सके।
- सांप के काटने पर उस स्थान पर चीरा लगाकर घरेलू नुस्खे का प्रयोग न करे, क्यों कि नुकसान हो सकता है।
- सांप के काटने पर झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़े, तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर जाए

### झाड़ फूंक में गई जान

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी अजय को सांप ने पैर में काट लिया था। उसकी झाड़ फूंक के चक्कर में जान चली गई थी। इसी प्रकार बंडा थाना क्षेत्र के गांव रसूलापुर बुर्जुग अमित यादव को सांप ने काट लिया था। परिवार वाले अस्पताल न ले जाकर झाड़ फूंक कराते रहे और उसकी मौत हो गयी। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया वैश्य की पिंकी देवी की भी सांप के काटने से मौत हो गयी।

मेडिकल कालेज में एंटी स्नेक वेनम वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सांप काटे मरीज को तुरंत उपचार देने का निर्देशित किया गया है। **-डा. नेपाल सिंह**, सीएमएस

### आज बंद रहेगा रेलवे फाटक

**शाहजहांपुर।** रेल पथ के सैक्सन इंजीनियर ने बताया कि सोमवार की सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक श्मशान घाट का रेलवे फाटक बंद रहेगा। रेलवे फाटक पर डाउन और अप लाइन के स्लीपर बदले जाएगे।

### ट्रैक्टर से युवक को कुचलने का प्रयास

**खुदागंज।** गांव पहाड़ीपुर बिबिया निवासी रामरहीस ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 21 जून को सुबह भाई झनकार सिंह खेत पर जा रहा था। रास्ते में गांव के राम निवास ने फायर कर दिया। और जगवीर, आकाश उदयवीर व प्रमोद ट्रैक्टर लेकर आ गए और झनकार सिंह को टक्कर मार दी और ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया।

## लव जिहाद रोकने को बजरंग दल चलाएगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में लव जिहाद, मठ मंदिरों की संपत्ति पर अवैध कब्जे की घटना बढ़ रही है। सार्वजनिक स्थलों व रेस्टोरेंट व कैफे के द्वारा फैल रही फूहड़ता व अश्लीलता के खिलाफ अभियान चलाकर बजरंग दल इसे रोकेगा। यह बात विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला कार्य योजना बैठक में महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर ने कही।

विभाग संगठन मंत्री प्रिंस ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में कार्यकर्ता परिचय वर्ग का आयोजन करना है, नए कार्यकर्ताओं को संगठन के रीति नीति के संबंध में जानकारी होनी चाहिए। जानकारी के अभाव में कार्यकर्ता संगठन के कार्य न करके स्वयं के मन से कार्य करने लगता है। कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति है इसलिए उपखंड स्तर तक हमारी समितियां पूर्ण हो ऐसा हम सब प्रयास करें। बैठक में इस वर्ष प्रशिक्षण वर्ग (परिषद, बजरंगदल, मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी) करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को पटका पहना कर सम्मानित किया गया। बैठक में धर्मेंद्र सिंह, अशनील सिंह, अंकित मिश्र, राहुल कनौजिया, ऋषभ गुप्ता, लखन गुप्ता, अंशू राजानी, नीरा श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठक में उपस्थित छात्राएं। ● अमृत विचार

## कोतवाल का हुआ विदाई समारोह

**पुवायां।** गैर जनपद तबादला होने के बाद इंस्पेक्टर हरिपाल सिंह बालियान का विदाई समारोह हुआ। जिसमें पुलिसकर्मियों समेत अन्य लोगों ने उन्हें उपहार भेंटकर विदा किया। शनिवार को इंस्पेक्टर पुवायां रहे हरिपाल सिंह का गैर जनपद तबादला हो गया था, जिसके बाद वह रविवार को पुलिस लाइन के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व कोतवाली में उनका विदाई समारोह हुआ। विदाई समारोह में पुलिस कर्मियों व अन्य तमाम लोगों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया, इसके बाद टीम उपहार देकर उन्हें विदा किया। इस दौरान अपराध निरीक्षक राकेश सिंह, अनूप पटेल, राजेश शुक्ल, मुजफ्फर खान, पूरन मिश्रा, सर्वेश त्रिवेदी बंगाली आदि रहे।


रिलायंस में फायर ड्रिल के दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

## रिलायंस में फायर ड्रिल का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अग्निशमन विभाग की ओर से रोजा रिलायंस पावर सप्लाई में फायर एवं आपातकालीन रिस्पांस का ड्रिल का आयोजन किया गया।

अग्निशमन अधिकारी डा बीएन पटेल ने रिलायंस के अधिकारियों और कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपायों, अग्निसुरक्षा प्रक्रियाओं तथा त्वरित प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

इस ड्रिल के माध्यम से कर्मचारियों ने आपात स्थिति से निपटने की क्षमता का मुल्यांकन किया। उन्होंने सदैव सजग रहने की सलाह दी। इस अवसर अग्निशमन विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# झांसे में आकर अवैध कॉलोनी में फंसा रहे गाढ़ी कमाई

## लोगों को झांसा देकर प्लॉट बेच रहे कालोनाइजर, शहर में इस समय हैं 100 से ज्यादा अवैध कालोनियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 50 से ज्यादा अवैध कालोनी का हो रहा विकास
- बीते एक साल में ध्वस्त की गईं 40 से ज्यादा अवैध कालोनी

**अमृत विचारः** अपनी जेबें भरने के लिए तमाम कालोनाइजर भोली-भाली जनता को झांसे में लेकर उनकी गाढ़ी कमाई अवैध कालोनी में लगवा रहे हैं। जहां बसने के बाद जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। कॉलोनाइजर आम आदमी को झूठ बोलकर आसानी से निशाना बना रहे हैं और मालामाल हो रहे हैं। अवैध कालोनी को सरकार से स्वीकृत बताकर लोगों को प्लाट बेचे जा रहे हैं। जानकारी के अभाव में लोग प्लाट खरीद भी रहे हैं। महानगर में इस समय 100 से ज्यादा अवैध कालोनी ऐसी हैं जो आबाद हो चुकी हैं और लगभग 50 बसाई जा रही हैं। कांट और पुवायां रोड पर सबसे ज्यादा अवैध कालोनी हैं।

अवैध कालोनी में कहीं पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं तो कहीं संकरी सड़कें हैं। अवैध कालोनी में पार्क नहीं हैं। यहां बच्चे कहां खेलें और बुजुर्ग कहां टहलें। अब अवैध कालोनी में रहने वाले प्रशासन से सुविधाओं की मांग कर रहे हैं जबकि यह कालोनी का विकास करने वाले कालोनाइजर की जिम्मेदारी है। प्रशासन अवैध कालोनी को ध्वस्त कर रहा है। इसके बाद भी कॉलोनाइजर बाज नहीं आ रहे हैं। बीते एक साल में सिटी मजिस्ट्रेट ने 40 से ज्यादा अवैध कालोनी को ध्वस्त करवा दिया।

इसके बाद भी अवैध कालोनी काटने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। बता दें कि कालोनी में रहने वालों को मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, पार्क, पानी निकासी की व्यवस्था, गाड़ी मोड़ने की जगह आदि की सुविधा मिल सके इसके लिए विनियमित क्षेत्र का गठन किया गया था। अब तक यह जिम्मेदारी विनियमित क्षेत्र के कंधों पर थी, लेकिन अब यह काम शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण कर रहा है। अब अनियोजित विकास को रोकना और शहर की सुंदरता को बिगड़ने से बचाने का जिम्मा एसडीए के कंधों पर है। ऐसा नहीं है कि विभाग अवैध भवनों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लगातार कार्रवाई जारी है, लेकिन इसके बाद भी स्थिति काबू में नहीं आ पा रही है।



अवैध कालोनी ध्वस्त कराते सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार (फाइल फोटो)।

### मानचित्र स्वीकृति के दौरान हो रहा खुलासा

प्लॉट खरीदने के बाद जब लोग ऋण आदि के लिए मकानों के मानचित्र स्वीकृत कराने जाते तो उन्हें पता चलता है कि कालोनी का लेआउट ही स्वीकृत नहीं है। ऐसे में मानचित्र नहीं पास हो पाएगा। एक बार सड़क, नाली टूटी तो दूसरी बार इन मूलभूत सुविधाओं के मिलने में अवैध का दाग आड़े आना तय है। कहीं पानी की निकास की व्यवस्था नहीं होती है तो कहीं घर तक गाड़ी नहीं जा पा रही है। सिर्फ लेआउट पास न होना ही आखिरी गड़बड़ी नहीं है। बल्कि बड़ी संख्या में रियल एस्टेट कारोबारी तो काश्तकारों से मौखिक अनुबंध पर प्लॉटिंग कर रहे हैं। जैसे-जैसे प्लॉट बिकता है, काश्तकारों को तय रकम देते हैं। ऐसे में बिना जमीन की रजिस्ट्री कराए या पंजीकृत अनुबंध कराए न तो ले-आउट पास हो सकता और न रेरा में पंजीकरण।

### अवैध निर्माण पर चला था बुलडोजर

**केस 1** लगभग 14 महीने पहले शहर के ककरा में नदी किनारे बसी कालोनी और खन्नौत नदी के किनारे भू-माफियाओं ने कृषि योग्य खेती पर अवैध प्लाटिंग करना शुरू कर दिया था। प्रशासन ने अवैध निर्माण का संज्ञान लेकर अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनको अवैध निर्माण तोड़ने का नोटिस दिया था। भू-माफियाओं ने नोटिस का जवाब तक नहीं दिया था। इसके बाद तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह और नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर लेकर न्यू सिटी कालोनी पहुंची और करीब एक दर्जन अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवा दिया। अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई शुरू होते ही भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया था।

### 250 लोगों को जारी हुआ था नोटिस

**केस 2** 20 फरवरी 2020 को प्रशासन ने गर्रा और खन्नौत नदी को खोखला करने वाले 250 लोगों को नोटिस जारी किया था। बाद में कुछ मामलों में कार्रवाई हुई और कुछ मामले ठंडे बस्ते में पड़ गए। इसी तरह के तमाम मामले पहले भी सामने आते रहे हैं, जिनमें अवैध कब्जों को लेकर शिकायत की गई। शुरुआत में कार्रवाई में तेजी देखने को मिली लेकिन बाद में प्रकरण ठंडे बस्ते में पड़ गया। बीते दिनों खन्नौत नदी में प्लाटिंग किए जाने की शिकायत की गई थी, लेकिन बाद में प्रकरण ठंडे बस्ते में पड़ गया। प्रकरण की जांच की गई या नहीं यह बात भी अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### रेलवे पुल तक हो रहा विस्तार

**केस 3** शहर का पुराना मोहल्ला लोधीपुर खन्नौत नदी से काफी फासले और ऊंचाई पर बसा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसका विस्तार खतरनाक तरीके से सड़क और रेलवे पुल तक हो रहा है। इसकी शुरुआत करीब डेढ़ दशक पहले एक राजनीतिक दल के पदाधिकारी ने नदी की जमीन पर मकान और दुकानें बनाकर की। फिर बाकी जमीन कब्जाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम होता गया। बाद में उसकी देखा-देखी अन्य तमाम लोगों ने भी वहां मकान खड़े कर लिए। क्षेत्र के व्यापारी ने अवैध कब्जों के खिलाफ कई साल तक आवाज भी उठाई, लेकिन सिस्टम की बदहाली के कारण उनकी एक नहीं सुनी गई।

### तटबंध के पास बसा दी कॉलोनी

**केस 4** करीब ढाई दशक पहले मानकों को अनदेखा करके खन्नौत नदी के बिल्कुल किनारे तटबंध के पास एक कालोनी विकसित की गई। अब इसी कॉलोनी में कई माननीयों के आवास बने हैं। इसलिए कॉलोनी की वैधता को लेकर सरकारी सिस्टम भी कोई सवाल खड़े नहीं करता। एक दशक पहले खन्नौत में आई बाढ़ के दौरान कॉलोनी के तमाम मकान कई दिन तक पानी से घिरे रहे। अब इसी कॉलोनी के आसपास के तटीय इलाकों में भी धड़ल्ले से मकान बनाए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के बने मकानों की आड़ में यहां अवैध निर्माण धड़ल्ले से हो चुका है।

> महानगर में काटी जा रहीं अवैध कालोनी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। जनता से अपील है कि अवैध कालोनी में प्लाट न खरीदें। क्योंकि अवैध कालोनी में प्लाट खरीदने वालों के मकान का नक्शा पास नहीं होता है। तमाम अन्य सुविधाएं भी अवैध कालोनी वालों को नहीं मिल पाती हैं। **-प्रवेंद्र कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट

## एक नजर

### राशन विक्रेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** विकासखंड भावल खेड़ा के पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार यादव ने सेहरामऊ दक्षिणी थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 21 जून को ग्राम सभा में जाकर राशन की दुकान का औचक निरीक्षण किया। राशन की दुकान बंद पायी गयी। दुकान की संचालिका रोली बाजपेयी के पति मृदुल बाजपेयी को फोन करके बुलाया गया। उन्होंने दुकान खुलवाई तो चीनी, गेहूं और चावल रजिस्टर से मिलान किया तो स्टाक अधिक पाया गया। उपभोक्ताओं को राशन वितरण नहीं किया गया था। राशन विक्रेता संचालिका के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त उस्मान निवासी महमान शाह के खिलाफ किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। आरोपी किशोरी को चार दिन पूर्व अगवा करके ले गया था। पुलिस ने रविवार को डेम रोड पर से गिरफ्तार कर लिया।

## घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**निगोही,अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी रामवीर ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता श्यामपाल 11 मई को साइकिल से निगोही बाजार जा रहे थे। रास्ते में बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता घायल हो गए थे। उन्होंने अपने पिता को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। शनिवार की रात उसके पिता की अस्पताल में मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## शारदा नहर में अज्ञात महिला का शव मिला

**सिंधौली/शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कोरोकुइया नहर में एक महिला का शव उतराता मिला है। रविवार की दोपहर कोरोकुइया की शारदा नहर में लखराम गांव के सामने ग्रामीणों ने एक महिला का शव उतराता देखा।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। मृतका की उम्र 25 साल होगी और बुरका व सलवार, कुर्ता पहने हुए है। शव दो दिन पुराना लग रहा है। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस ने अज्ञात महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रोडवेज से टकराकर बाइक सवार घायल, रेफर

- पुवायां जा रहे बाइक सवार को पीछे से बस ने मारी टक्कर
- शाहजहांपुर डिपो की बस बिलसंडा से वापस आ रही थी

**पुवायां अमृत विचारः** किसी काम से पुवायां की ओर जा रहा बाइक सवार ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

बण्डा क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी गोविंद अपने साथी को छोड़ने बाइक से बण्डा आया था। साथी को छोड़ने के बाद वह पुवायां की ओर निकल गया। इसी बीच उसकी बाइक गांव जुझारपुर के पास सवारियां उतार रही रोडवेज बस से टकरा गई। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया।

आनन फानन में राहगीरों ने उसे अस्पताल भिजवाया जहां से उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है की शाहजहांपुर डिपो की बस बिलसंडा से वापस आ रही थी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है।



हादसे के बाद सड़क पर गिरा युवक। ● अमृत विचार

# महिला उत्पीड़न : ससुराल में पति समेत 15 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## ससुराल वालों के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

- पति, जेठानी समेत पांच रिपोर्ट दर्ज, ससुराल वाले उसे करते थे प्रताड़ित,बेटे की हालत ठीक

**घटना 1** संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गांव दौलतपुर उत्तरी में जहर खाकर शिवानी उर्फ राधा की मौत के मामले में पुलिस ससुराल वालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि उसके ढाई साल बेटे निशांत की हालत ठीक है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। गदनापुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उत्तरी निवासी सुधीर हरियाणा में काम करता है। वह एक सप्ताह पहले हरियाणा गया था। उसकी पत्नी 30 वर्षीय शिवानी उर्फ राधा और ढाई साल का बेटा निशांत घर पर रहते थे। शिवानी का अपने ससुर से जमीन का हिस्सा मांगने को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था। दो दिन पहले भी शिवानी अपना हिस्सा ससुराल वालों से मांगा था। तभी जेठानी से विवाद हो गया था। इसी पर शनिवार को पहले उसने अपने ढाई साल के बेटे निशांत को जहर दिया फिर स्वयं खा लिया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां शिवानी की मौत हो गई। मृतका के पिता रामकृष्ण निवासी सिकरोही थाना कांट परिवार वालों के साथ सीएचसी पहुंचे। उन्होंने बेटी के ससुराल वालों पर आत्महत्या के उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा कि उन्होंने शिवानी की शादी अप्रैल 2016 में सुधीर के साथ की थी। शादी के बाद से पति सुधीर, जेठानी सुनीता, संगीता और जेठ के लड़के राहुल व सचिन घरेलू बातों को लेकर प्रताड़ित किया करते थे। उसकी बेटी शिकायत करती थी तो वह उसे समझाते थे। पिछले दिनों बेटी को ससुरालीजन अधिक प्रताड़ित करने लगे। उनका आरोप है कि शनिवार को उसकी बेटी ने ढाई साल के बेटे निशांत के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी बेटी की मौत हो गयी और नाती का इलाज चल रहा है। आरोप है कि सभी लोगों ने आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया है। प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि पति समेत पांच के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



मृतक शिवानी

## पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**घटना 2** **शाहजहांपुर, अमृत विचारः** अनुपम की मौत के मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

हरदोई जिले के थाना बेहटा गोकुल के गांव हसनापुर निवासी कमलेश कुमार ने जलालाबाद थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसने अपनी पुत्री अनुपमा की शादी चार साल पहले मंजेश निवासी भूड़िया भूड़ थाना जलालाबाद के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था।

दहेज के लिए ससुराल वाले उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया करते थे। ससुराल वालों से प्रताड़ित होकर उसकी पुत्री ने 17 जून को जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## जैतीपुर में बहू को चाय में जहर देकर मारने का आरोप

- दहेज के लिए आए दिन मारपीट करते थे, पति समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,जैतीपुर/शाहजहांपुर

**घटना 3** **अमृत विचार :** ससुराल वालों ने दहेज में बुलेट मोटर साइकिल न मिलने पर बहू को चाय में जहर देकर मार डालने का प्रयास किया। बहू को शक होने पर चाय को फेंक दिया। बहू को मारपीट करके घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी के मोहल्ला नई कालोनी निवासी रागिनी गुप्ता ने बताया कि उसकी शादी 06 वर्ष पूर्व सुमित गुप्ता निवासी मरुआ झाला थाना जैतीपुर के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। कुछ दिन बाद ससुराल वालों ने मायके से बुलेट लाने की मांग कर दी। जिसे देने से रागिनी ने इंकार कर दिया। इस पर सुसरालीजनों ने उससे कहा कि बुलेट मोटरसाइकिल नहीं लाने पर ससुराल में नहीं रह पाओगी। इसके बाद से ससुराल में उसका उत्पीड़न और मारपीट होना शुरु हो गई। आरोप है कि 16 जून को ससुराल वालों ने चाय में जहर मिलाकर दे दिया। उसे कुछ शक होने पर उसने चाय को चुपके से फेंक दिया। पीड़िता का आरोप है कि मार डालने के उदेश्य से डीजल में तंबाकू मिलाकर जबरदस्ती पिलाई और पिटाई की। यह जानकारी उसने फोन पर मां को दी। उसकी मां ने डायल 112 को फोन किया। पुलिस आई और अस्पताल ले जाने को कहा। पीड़िता की मां ने अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया। आरोप है कि ससुराल वालों ने सारा जेवर रख लिया और जान से मारने की धमकियां दे रहे है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आदि की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## दहेज में एक लाख न देने पर विवाहिता को दिया तलाक, तहरीर

**घटना 4** **खुटार, अमृत विचार ।** दहेज में एक लाख रुपये की नकदी नहीं लाने पर महिला का उत्पीड़न करते हुए उसकी पिटाई की फिर उसे तलाक दे दिया। ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। क्षेत्र के गांव रसवां कला में रहने वाले निजामुद्दीन की पत्नी सरफुनिशा ने बताया कि उसने अपनी बेटी रूही का निकाह 4 साल पहले तिलहर निवासी युवक के साथ किया। निकाह में उन्होंने अपनी पुत्री को सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था। फिर भी ससुरालीजन दहेज में एक लाख रुपए की मांग करने लगे। यह मांग पूरी नहीं करने पर बेटी के साथ मारपीट करते हुए उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। सरफुनिशा ने बताया कि कई बार दामाद ने बेटी को मारपीट कर घर से भी निकाल दिया। जिसको लेकर पंचायत फैसला भी हुए फिर भी दहेज की मांग पर अड़ा रहा। पीडिता ने बताया कि चार माह पहले उसकी बेटी के साथ ससुरालियो के साथ मिलकर मारपीट की और खुटार मायके छोड़ गया और धमकी दी, कि अगर 1 लाख रुपए दहेज में नहीं लाकर दिए, तो उसे तलाक दे दिया जाएगा। पीड़िता ने बताया कि 18 जून को पति ने रूही के पास फोन किया और फोन करते हुए तीन बार तलाक तलाक तलाक कहते हुए तलाक दे दिया और दूसरा निकाह करने की बात कही। इसके बाद वह पिता के साथ थाने पहुंची और निकाह में मध्यस्थता कराने वाले व्यक्ति को शामिल करते हुए मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# बरतारा गांव में मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों में तनाव

संवाददाता, रौसर कोठी

- एक पक्ष ने किया मंदिर निर्माण का विरोध, संत पक्ष चाहता था मंदिर का निर्माण कराना

**अमृत विचारः** एक जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर रविवार सुबह विवाद हो गया। बाबा और गांव के तमाम लोग आमने-सामने आ गए। बाबा मंदिर का निर्माण कराना चाहते थे जबकि दूसरा पक्ष इसका विरोध कर रहा था। बाद में पहुंचीं सदर तहसील की नायब तहसीलदार ने यथा स्थिति रखने का निर्देश दिया।

रविवार की सुबह तनाव उस समय बढ़ गया जब बाबा ने निर्माण कार्य को शुरू कराया। इसी दौरान बरतारा गांव के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंच गए और विरोध करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे वाद विवाद बढ़ने लगा। बाबा मंदिर निर्माण की मांग कर रहे थे। वहीं दूसरा पक्ष मंदिर का निर्माण नहीं होने देने पर अड़ा था। सूचना पर नायब तहसीलदार सदर निशी सिंह व लेखपाल चंद्रशेखर के अलावा प्रभारी निरीक्षक क्राइम गंगा सिंह, उप निरीक्षक शंभू सिंह भार्गव भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों ही पक्षों को समझाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बन सकी क्योंकि मंदिर निर्माण का विरोध प्रधान पक्ष के लोग कर रहे थे, वहीं मंदिर निर्माण को लेकर संत डेरा जमाए हुए हैं,नायब तहसीलदार सदर निशी सिंह का कहना है कि जिस जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर विवाद हो रहा है वह जमीन सरकारी है तथा गाटा संख्या 188 बंजर भूमि में दर्ज है। नायब तहसीलदार ने पुलिस बल को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। बाबा शंकर दास पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम बरतारा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि लगभग 20 वर्षों से वह भगत बाबा के स्थान पर रह रहा था। 16 वर्ष पहले भगत बाबा के स्थान पर एक कमरे का भी निर्माण कराया था। वहीं पूजा अर्चना करता था। बाबा ने लगभग 7 वर्ष पूर्व भगत बाबा स्थान पर मंदिर की नींव भी भरवाई थी। कुछ साल पहले वह पूजा अर्चना करने के लिए दूसरे स्थान पर चला गया था। अभी 5 दिन पहले जब वह वापस आया तो देखा कि कमरे में वीरपाल यादव ने भूसा भर रखा है और भगत बाबा मंदिर की जगह पर कब्जा करना चाह रहे है। बाबा शंकर दास ने जब दोबारा मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कराया तो वीरपाल यादव व कुछ अन्य लोग मौके पर आ गए और गाली गलौज करते हुए और कहा कि यहां से भाग जाओ, यहां पर कोई मंदिर निर्माण नहीं होगा। बाबा शंकर दास ने दबंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।



जमीन का निरीक्षण करतीं नायब तहसीलदार निशी सिंह। ● अमृत विचार

## ग्रामीण का रुपयों से भरा बैग चोरी

**तिलहर।** जमीन का बैनामा कराने आए ग्रामीण का रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। पुलिस ने बैग चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। निगोही के मोहल्ला राम नगर बगिया निवासी दृगपाल पुत्र रामस्वरूप वर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 18 जून को दोपहर करीब डेढ़ बजे तहसील परिसर में बैनामा करवाने आया था। बैनामा करवाते समय एक बैग में तीन लाख 80 हजार रुपये, मोबाइल तथा पुराना बैनामा रखा था। जिसे किसी ने चुरा लिया।

उसने 112 पुलिस को सूचना भी दी थी। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## प्लेटफार्म पर वेंडर और यात्री में चले डंडे, दोनों घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सब्जी खराब होने पर पैकेट बदलने को कहा था।
- यात्रियों ने वेंडर पर अधिक पैसे लेने के आरोप लगाए

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म पर खाने की गुणवत्ता और अधिक पैसे लेने को लेकर यात्री और वेंडरों में जमकर डंडे चले और प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान वेंडर और यात्री घायल हो गए। पुलिस ने दोनों का सरकारी अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया। स्टेशन पर आए दिन अधिक पैसे को लेकर यात्रियों की वेंडरों से नोकझोंक होती है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन पर खड़े यात्री को फैजाबाद-दिल्ली से दिल्ली जाना था। रात साढ़े दस बजे उसने एक वेंडर से पूड़ी सब्जी का पैकेट लिया। वेंडर ने खाने के पैकेट के अधिक पैसे लिए थे। खाने के पैकेट में आलू की सब्जी खराब हो गयी थी। उसने वेंडर से कहा कि सब्जी खराब है और पैकेट बदल दो। वेंडर ने यात्री से कहा कि पैकेट नहीं बदला जाएगा। इस दौरान यात्री की वेंडर से हाथापाई होने लगी। इस दौरान अन्य वेंडर आ गए। वेंडरों और यात्री में जमकर डंडे प्लेटफार्म चलने लगे। इससे प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और दोनो घायलों को थाने पर ले आयी। जीआरपी ने दोनों का सरकारी अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया। यात्रियों को आरोप है कि रात में नौ बजे से 11 बजे तक वेंडर पानी बोतल और खाने के पैकेट पर अधिक पैसे लेते है। अधिक पैसे लेने की शिकायत पर झगड़ा करने उतारु हो जाते है। रात के समय अधिकांश अनाधिकृत वेंडर चलते है। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

### त्रिवेणी एक्सप्रेस में यात्रियों में नोकझोंक



डाउन लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस रविवार की सुबह एक बजे प्लेटफार्म एक पर आकर खड़ी हुई। दो मिनट के स्टापेज को लेकर जनरल कोच में यात्रियों में चढ़ने और उतरने को लेकर नोकझोंक हो गयी। इस दौरान उतर रहे यात्रियों ने एक महिला को बच्चे समेत धक्का दे दिया, जो प्लेटफार्म पर गिर गयी। आरपीएफ की महिला सिपाही ने आकर यात्रियों को डांट लगायी। लेकिन जीआरपी के सिपाही प्लेटफार्म नहीं दिखायी देते है। कुछ यात्री चढ़ने से रह गए तो लोगों ने ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी।

## जानवरों की गाड़ियों से वसूलीबाजों को पकड़ा

**रौसर कोठी,अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर जानवरों की गाड़ियों से वसूली करने वाले गिरोह को पुलिस ने वाहन के साथ पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार हरदोई बाईपास चौराहे से जानवरों को ले जाने वाली गाड़ियों से काफी दिनों से वसूली की जा रही थी। थाना रामचंद्र मिशन पुलिस इन आरोपियों की फिराक में काफी समय से लगी थी। शनिवार को दोपहर पुलिस ने एक वाहन को आरोपियों समेत पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक थाना रामचंद्र मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया गाड़ी सहित दो आरोपियों को पकड़ा गया हैजिनसे पूछताछ की जा रही है। जानवरों को ले जाने वाली गाड़ियों से वसूली का मामला अभी नहीं कहा जा सकता है।

एक दल के सदस्य द्वारा शिकायत दी गई थी उसी क्रम में गाड़ी और दो आरोपियों को पकड़ा गया है। अभी तक थाने पर किसी ने लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पूछताछ के दौरान स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## छात्रा से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** शहर में एक छात्रा पेपर देकर कालेज गेट से बाहर निकली तो एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुवायां थाना क्षेत्र की एक छात्रा 16 जून को पेपर देने के लिए गयी। वापसी में वह सवारी के इंतजार में खड़ी थी। आरोप है कि जलालाबाद क्षेत्र का कृष्ण शुक्ला छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दुर्घटनाओं में महिला समेत दो की मौत

**शाहजहांपुर,अमृत विचारः** जिले में अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को मेडिकल कालेज लाया गया। इलाज के दौनों घायलों की मौत हो गयी। मदनापुर और तिलहर थाना क्षेत्र में हादसा हुआ है।

**मदनापुरः** थाना क्षेत्र के गांव धरमंदपुर निवासी 60 वर्षीय मुन्नी देवी शनिवार की दोपहर घर से एक किलोमीटर दूर पैदल मंदिर पूजा करने के लिए जा रही थी। फाजिलपुंर गांव के सामने बाइक सवार ने सड़क पार करते समय महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी पर भेजा वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान रात उसकी मौत हो गयी। बाइक सवार को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

**तिलहरः** थाना क्षेत्र के गांव बरा मोहब्तपुर निवासी 38 वर्षीय कमलेश कुमार शुक्रवार की शाम गांव में ही एक चौराहे पर बाइक मोड़ते समय अचानक गिर गए। कमलेश को परिवारीजन मेडिकल कॉलेज लेकर आए। रविवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की शादी नहीं हुई थी और तीन भाइयों में बड़े थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पोस्टमार्टम हाउस पर मुन्नी देवी के परिजन।

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी दोपहर साढ़े 4 बजे।
- किसानों की समस्या को लेकर विकास क्षेत्र अंबियापुर में भाकियू का धरना-प्रदर्शन सुबह 11 बजे।

## सतेती में आज से धरना प्रदर्शन करेगी भाकियू

**बिल्सी, अमृत विचार :** अंबियापुर क्षेत्र के गांव सतेती में विकास कार्य न कराए जाने को लेकर सोमवार सुबह 11 बजे से चूरा पट्टी स्थित प्राथमिक स्कूल के पास भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष राहुल सोलंकी ने बताया कि पूर्व गांव के विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन किसी ने इसको गंभीरता से नहीं लिया। यूनियन को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लेना पड़ा।

# कुपोषित बच्चों की बढ़ रही संख्या, जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में बेड फुल

### मार्च से मई तक वार्ड में चार कुपोषित बच्चे ही रहते थे भर्ती, जून में बढ़ी संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



एनआरसी वार्ड में भर्ती कुपोषित बच्चे। ● अमृत विचार

- एक बच्चे को वार्ड में 14 दिनों तक रखा जाता है भर्ती
- तेजी से जांच कर कुपोषित बच्चों की हो रही पहचान

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में कुपोषित बच्चों की संख्या गर्मी में एक बार फिर बढ़ गई है। वार्ड में एक भी बेड खाली नहीं है। जांच प्रक्रिया तेज कर कुपोषित बच्चों की पहचान की जा रही है। उन्हें एनआरसी वार्ड में भर्ती कराया जा रहा है।

छह माह से पांच साल तक के बच्चों की जांच तेज नियमित करने के निर्देश दिए गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में बच्चों की जांच की जा रही है। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कुपोषित बच्चों को जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में भर्ती कराने को प्रेरित कर रही हैं। इससे वार्ड में कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़ गई है। मार्च से मई माह तक वार्ड में चार से छह कुपोषित बच्चे ही भर्ती रहते थे, लेकिन जून माह में कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़ गई। इस समय वार्ड में 10 बच्चे भर्ती हैं। एक बच्चे को 14 दिन तक रखा जाता है।

उसे डॉक्टर के अनुसार दवा और दूध दिया जाता है। इससे बच्चा जल्द स्वस्थ हो सके।

एनआरसी वार्ड के नोडल डॉ. अलंकार सोलंकी ने बताया कि शासन स्तर से छोटे बच्चों की जांच नियमित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे बीमार बच्चों की संख्या ज्ञात हो सके और उन्हें समय पर सही उपचार देकर स्वस्थ किया जा सके। सीएचसी और पीएचसी पर भी बच्चों की जांच की जा रही है। यहां पर भी कुपोषित बच्चे मिल रहे हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। बच्चों की संख्या गर्मी में बढ़ जाती है।

### हर तीन दिन बाद किया जाता है वजन

कुपोषित बच्चे को जिस दिन वार्ड में भर्ती किया जाता है उस दिन उसका वजन किया जाता है। इसके बाद हर तीन दिन बाद वजन किया जाता है। इससे पता चले कि बच्चा ग्रोथ कर र हा है या नहीं। बच्चे को दूध और पोषक तत्व दिए जाते हैं। वजन के अनुसार उसकी डाइट तय की जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज पर भी एनआरसी वार्ड खोला गया है। यहां पर आठ कुपोषित बच्चे भर्ती हैं। वजीरगंज में स्थानीय बच्चों को रखा गया है, जबकि जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में जिले के सभी क्षेत्र के बच्चे भर्ती किए जाते हैं।

## प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का किया आयोजन

**बिल्सी , अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर पर आर्य समाज के तत्वावधान में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। यहां वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने अथर्ववेद के मंत्रों से यज्ञ कराया। आर्य समाज के मंत्री अगरपाल सिंह यजमान रहे।

यज्ञ कराते हुए आचार्य संजीव रूप ने कहा कि जैसे घर में कोई सांप निकल आए तो घर के सब लोग प्रयत्न करके उसे बाहर निकालते हैं वैसे ही समाज में यदि कोई अपराधी हिंसक आतताई प्रवृत्ति का है तो सबको प्रयत्न करके अपने समाज से बाहर निकाल देना चाहिए। अथवा दंडित करना चाहिए। किंतु यदि बुरा व्यक्ति अपना सुधार कर ले तब समाज में उसे आदर मिलना चाहिए। बुरे लोग समाज में कोढ़ होते हैं। यह समाज को बीमार कर देते हैं, कठोर दंड की व्यवस्था ही इनका इलाज है। मास्टर अगरपाल सिंह ने कहा कि मनुष्य होकर दूसरों के दुख में खड़ा न हो वह मनुष्य कहलाने के लायक नहीं है। यहां ईशा आर्य, कौशिकी रानी ने सुंदर भजन सुनाएं। इस मौके पर ज्योति रानी, संतोष कुमारी, गुड्डू देवी, सूरजवती देवी, राकेश आर्य के अलावा आर्य संस्कारशाला के बच्चे मौजूद रहे।

## अधिकारियों की मौजूदगी में तैयार हो गई फर्जी पेंशन की पत्रावली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वरिष्ठ कोषाधिकारी की सूझबूझ से हुआ खुलासा
- अधिकारियों को फंसती नजर आई अपनी गर्दन

**अमृत विचार:** फर्जी पेंशन पत्रावली तैयार करने के मामले में सिर्फ कर्मचारी ही दोषी नहीं है, बल्कि अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ब्लॉक स्तर से लेकर बेसिक शिक्षा और लेखा विभाग से होती हुई पत्रावली वरिष्ठ कोषाधिकारी के पास भुगतान को पहुंच गई। इसकी जानकारी न बेसिक के लेखाधिकारी और न ही बीएसए हो सकी। अगर वरिष्ठ कोषाधिकारी पत्रावली को संदेह की नजर से नहीं देखते तो फर्जीवाड़ा करने में शामिल कर्मचारी भुगतान कराने में सफल हो जाते। प्रकरण का खुलासा होने पर अधिकारी फंसते दिख रहे हैं। मामले को दबाने की पुरजोर कोशिश हो रही है। यही कारण है कि फर्जीवाड़ा करने में शामिल कर्मचारियों की पहचान होने के बाद भी उनके खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं हो सकती है, जबकि फर्जीवाड़ा करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ तत्काल रिपोर्ट दर्ज होनी चाहिए थी।

1976 में शिक्षक की मृत्यु होने के 49 साल बाद 2025 की 14 मई को पेंशन स्वीकृत कर पत्रावली वरिष्ठ कोषाधिकारी के पास बेसिक के लेखा विभाग द्वारा भेजी गई। भुगतान पर आपत्ति जताते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी ने आश्रित के सत्यापित प्रमाण पत्र मांगते हुए बीएसए और बेसिक के लेखाधिकारी को पत्र भेजा। अंदर खाने की गई जांच में पत्रावली फर्जी निकली। बेसिक शिक्षा और लेखा विभाग के अधिकारी पत्रावली पर डाला गया डिस्पैच नंबर फर्जी बता रहे हैं। वह पत्रावली पर बीएसए और लेखाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर होना बता रहे है। इस प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी से लेकर बेसिक शिक्षा और लेखा विभाग के अधिकारी कर्मचारी फंसते दिख रहे हैं।

### ऐसे में स्वीकृत होती है आश्रित की पेंशन

शिक्षक की मृत्यु के बाद, उनकी पत्नी (या अन्य आश्रित) को पारिवारिक पेंशन के लिए आवेदन करना होता है। आवेदन के साथ, आवश्यक दस्तावेज जैसे कि शिक्षक का मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ), और आश्रित का पहचान प्रमाण पत्र जमा करना होता है। इसकी जांच बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा की जाती है। उसकी सेवा पुस्तिका में दर्ज सेवाकालीन रिकॉर्ड देखा जाता है। अगर सभी अभिलेख सही पाए जाते हैं तो पत्रावली को बेसिक के लेखा विभाग में भेज दी जाती है। लेखा विभाग पत्रावली में लगे अभिलेखों पर अपनी संतुष्टि के बाद भुगतान के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी के पास पत्रावली को भेज दिया जाता है। कोषाधिकारी द्वारा पत्रावली का परीक्षण करने के उपरांत पेंशन स्वीकृत करते हुए भुगतान कर देते हैं। लेकिन यह शुरू से ही संदेह के घेरे में रहा। शिक्षक की मृत्यु के 49 साल तक आश्रित कहां रहे। उनके द्वारा कब पेंशन के लिए आवेदन कब किया गया। आवेदन में लगे अभिलेख सही हैं या नहीं। अगर प्रशासन स्तर पर इसकी जांच की जाती है तो मामला उजागर हो सकता है। साथ ही ऐसे अन्य प्रकरण भी पकड़ में आ सकते हैं।

"पेंशन की फर्जी पत्रावली भुगतान को भेजने के मामले में कार्रवाई किया जाना जल्दबाजी होगी। जल्द ही जांच के लिए कमेटी गठित की जाएगी। जांच में जो भी कर्मचारी दोषी मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। **- वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

## ऑपरेशन कराने वाली प्रसूताएं नहीं हो रहीं ठीक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक-एक माह से है भर्ती, पक रहे टांके, ठीक से इलाज नहीं मिलने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** ऑपरेशन से प्रसव कराने वाली प्रसूताएं 20 दिन से लेकर एक माह तक जिला महिला अस्पताल में भर्ती हैं। उनके टांके पक रहे हैं। ठीक से इलाज न होने के कारण इस गर्मी में उन्हें वार्ड में परेशान होना पड़ रहा है। कई प्रसूताएं गर्मी और उमस के कारण बीमार होने लगी हैं।

जिला महिला अस्पताल में ऑपरेशन कर प्रसव कराए जाते हैं, जबकि कुछ महिलाओं के सामान्य प्रसव होते हैं। वह 36 घंटे बाद अपने घर चली जाती हैं, जबकि जिन महिलाओं का प्रसव ऑपरेशन से किया जाता है वह यहां पर बीमार सिस्टम की वजह से परेशान हो रही हैं। प्रसूताओं ने बताया कि 15-20 दिन से यहां पर भर्ती हैं। दो महिलाएं 25 दिन से भर्ती हैं। उनके टांके पक गए हैं। इससे फिर से टांके लगाए जाएंगे। बताया कि यहां लापरवाही के चलते महिलाओं की समय से पट्टी नहीं बदली जाती है। इससे उन्हें इस गर्मी में परेशानी हो रही है। प्रसूताओं का कहना है कि गर्मी के चलते उनके नवजात भी परेशान हो रहे हैं। महिलाओं को अस्पताल में खाना भी एक ही जैसा प्रतिदिन दिया जाता है। कुछ प्रसूताएं अपने घर से मंगा कर खाना खाती हैं, जबकि दुर दराज से आने वाली महिलाएं अस्पताल की दाल रोटी से पेट भरने को मजबूर हैं। ऑपरेशन वार्ड में दो एसी लगे हैं, जो दोनों कई साल से बंद हैं। केवल पंखे चलते हैं उनकी हवा भी गर्म रहती है। गर्मी व उमस के चलते कई प्रसूताओं की हालत भी बिगड़ चुकी हे।

यहां पर 28 मई को भर्ती हुए थे। उसी दिन ऑपरेशन किया गया। 25 दिन हो चुके हैं। टांके पक रहे हैं। डॉक्टर ने फिर से टांके लगाने को बोला है। दर्द के चलते परेशानी हो रही है। **-राखी**, प्रसूता, गोठो

28 मई को ऑपरेशन से बेटा पैदा हुआ था। तभी से यहां पर हैं। कई बार गर्मी के चलते बीमार हो चुके हैं। टांके से गंदा पानी वह रहा है। पट्टी भी नहीं बदली गई है। दिक्कत हो रही है। यहां वार्ड में सभी वेड भरे हैं जिससे गर्मी और उमस हो रही है।

**- रानी**, प्रसूता, सखतपुर

"जिन महिलाओं का ऑपरेशन किया जाता है उनको ठीक होने में समय लगता है। गर्मी में कुछ दिक्कत होती है, लेकिन सभी की पट्टी प्रतिदिन की जाती है। गर्मी तो है। एसी बंद होने से परेशानी हो सकती है। जल्द ही एसी ठीक करा दिए जाएंगे।

**-डॉ. इंदु कांत वर्मा**, सीएमएस

## कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर की बैठक

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** आगामी पर्व मोहर्रम व श्रावण मास (कावड़ यात्रा) के परिप्रेक्ष्य में रविवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, डीजे मालिकों, ताजियेदार और सम्भ्रान्त लोग शामिल रहे। पीस कमेटी में उपस्थित सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने ताजियादारों को ताजियों को निर्धारित ऊंचाई पर बनाने की अपील की। कहा कि ताजिए का जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए। आगामी श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिविर मार्ग से करीब 10 फुट दूरी पर लगाए जाएं। उन पर सीसीटीवी लगाए जाएं। बैठक में पर थाना प्रभारी वेदपाल सिंह, एसआई रामेश्वर सिंह, कमलेश सिंह, सोवीर सिंह सहित क्षेत्र के प्रधान व संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## सहकारी समितियों पर यूरिया नहीं, परेशान हो रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बारिश के बाद किसान फसलों की कर रहे बुवाई, पड़ रही यूरिया की जरूरत

**अमृत विचार:** मानसून आने के बाद खेती किसानी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। किसान फसलों की बुवाई करने लगे हैं। इसकी वजह से उन्हें यूरिया की आवश्यकता पड़ रही है, लेकिन सहकारी समितियों पर यूरिया न होने की वजह से किसानों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

किसान रामपाल, हरपाल, सेवाराम, लटूरी, शैलेंद्र, ओमवीर ने बताया कि खेतों में धान और गन्ना, बाजरा सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई का काम चल रहा है, लेकिन समितियों पर खाद न होने की वजह से उनकी फसल को नुकसान हो सकता है। निजी दुकानों से यूरिया को खरीदना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद वितरण की कोई पारदर्शी व्यवस्था नहीं है और समय रहते आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की जाती। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन हस्तक्षेप कर खाद जल्द से जल्द समितियों और दुकानों पर उपलब्ध कराए।

इस संबंध में एआर कोऑपरेटिव महेंद्र सिंह बताया कि भरपूर मात्रा में यूरिया है। जिसका वितरण जल्द ही समितियों से कराया जाना शुरू कर दिया जाएगा। किसानों को दिक्कत नहीं होगी।

## लिपिक व एडीओ पंचायत को रिलीव करने में हीलाहवाली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लिपिक का मुरादाबाद और एडीओ पंचायत का शाहजहांपुर हो चुका है स्थानांतरण

**अमृत विचार :** स्थानांतरण पाने वाले दहगवां ब्लॉक के एडीओ पंचायत का शाहजहांपुर और लिपिक का मुरादाबाद के लिए शासन की ओर से स्थानांतरण कर दिया है, लेकिन अब तक न एडीओ पंचायत को रिलीव किया गया है और न ही लिपिक को रिलीव करने की मंशा पंचायती राज विभाग की है।

सफाई कर्मियों का कहना है कि दहगवां में कार्यरत एडीओ पंचायत ने उनका आर्थिक और मानसिक शोषण किया गया, लेकिन डीपीआरओ ने सत्ता पक्ष के नेताओं का दबाव होने के चलते एडीओ पंचायत के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इस पर उन्हें मुख्यमंत्री से लेकर मंडल स्तर के अधिकारियों तक के पास एडीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर जाना पड़ा। शासन ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए एडीओ पंचायत पर कार्रवाई के निर्देश जारी हुए, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें मुख्यालय से अटैच कर लिया। इस दौरान शासन स्तर से एडीओ पंचायत का शाहजहांपुर के लिए स्थानांतरण कर दिया गया, लेकिन विभागीय अधिकारी एडीओ पंचायत को रिलीव नहीं कर रहे हैं। वहीं पंचायती राज विभाग में वर्षों से कार्यरत लिपिक मुसीर उद्दीन का भी स्थानांतरण मुरादाबाद किया गया है। डीपीआरओ ने बताया कि जल्द ही लिपिक के साथ एडीओ पंचायत को भी रिलीव किया जाएगा।

## महाविद्यालय में किया योग अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



गिंदो देवी महिला महाविद्यालय में योग करतीं शिक्षिकाएं और छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गिंदो देवी महिला महाविद्यालय में योगाभ्यास के अलावा विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। थीम के अनुरूप एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय की शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और योग के महत्व को आत्मसात किया।

प्राचार्य डॉ. सरला देवी चक्रवर्ती ने योग को जीवन में संतुलन और शांति का आधार बताया। कॉलेज परिसर में आयोजित योग सत्र में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न आसनों एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया। योगाभ्यास के बाद एनएसएस की ओर से निबंध प्रतियोगिता कराई गई। छात्राओं ने योग एक समग्र जीवन पद्धति विषय पर अपने विचारों को रखा। विद्यार्थियों ने योग के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों पर गहन चिंतन करते हुए बेहतरीन लेख प्रस्तुत किए।

### राशन की दुकान और थाने में भी कराया योग

**मुजरिया, अमृत विचार :** मुजरिया में थाना प्रांगण और कोल्हाई में राशन वितरण की दुकान पर योग कराया गया। प्रशिक्षक ने कहा कि योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है, यह आत्म जागरुकता, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक विकास की यात्रा है। डॉ. एनपीएस सैलानी और अनिक ने कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आलस त्याग कर नियमित योग करना चाहिए। रोगी होने के बाद स्वस्थ होने के लिए योग करने की बजाय हमें निरोगी रहने के लिए निरंतर योग करना चाहिए। कुवेंद्र सिंह ने कहा कि योगा करने से शरीर में नई ऊर्जा मिलती है और मनुष्य हमेशा निरोग बना रहता है। मुजरिया थाना प्रांगण में थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि योग शरीर को ऊर्जावान बनाता है। बीमारियों से दूर रहा जा सकता है लेकिन यह सब जानते हुए भी लोग योग से दूर रहते हैं।

## भक्तों ने निकाली निशान यात्रा

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर की श्री लखदातार सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को नगर के मोहल्ला संख्या एक पटवा कॉलोनी स्थित श्री श्याम भवन से एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में बाबा के भक्तों ने एक निशान यात्रा निकाली, जो तहसील क्षेत्र के गांव सिरासौल जसा पट्टी स्थित मां खेड़े वाली देवी मंदिर पर बाबा के मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।

यात्रा से पहले श्याम भवन पर भक्तों द्वारा अपने-अपने निशान का पूजन किया। इसके बाद निशान लेकर भक्त सिरासौल के लिए रवाना हुए। यहां भक्तों ने अपने निशान को लेकर पूजा-अर्चना की। शुभम माहेश्वरी, रजत सक्सेना, कौशल देवल, भोला, अमित कश्यप, अनुराग, विकास माहेश्वरी, आशुतोष, गौरव देवल आदि शामिल रहे।

## गंदा पानी रोकने को कांग्रेस का अनशन शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



धरने को संबोधित करते कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह। ● अमृत विचार

- चार गांवों की फसलें नष्ट होने से किसानों को भारी नुकसान

**अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका का गंदा पानी रोकने के लिए कांग्रेस ने क्रमिक अनशन रविवार से शुरू कर दिया है। गंदा पानी क्षेत्र के नरुउ, अचौरा, मलिकपुर और मीलाल नगला में जाता है। इससे इन गांवों की फसलें नष्ट होने से किसानों को भारी क्षति हो रही है।

पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, जितेंद्र कश्यप, शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वीरेश तोमर और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इगलास हुसैन ने अनशन पर बैठे कार्यकर्ताओं को जूस पिलाकर उसके क्रमिक अनशन समाप्त कराया। अनशन पर सोमवार को ओमकार सिंह सहित कई अन्य लोग बैठेंगे। ओमकार सिंह ने कहा कि अब यह लड़ाई तभी खत्म होगी जब उझानी नगर पालिका का पानी जब तक भैसोरा नदी में प्रवाहित नहीं किया जाता। इसके लिए कांग्रेसी पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे। जितेन्द्र कश्यप ने कहा कि कांग्रेस इन ग्राम वासियों की हक की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूती के साथ खड़ी है। असरार अहमद ने ग्राम वासियों का दर्द बयां करते हुए कहा कि इस ग्राम में 75 प्रतिशत लोग गंदा पानी पीने से पीलिया के शिकार हो चुके हैं। धरने को वीरेश तोमर, इगलास हुसैन, योगेंद्र पाल सिंह, कमल प्रताप सिंह, नेपाल सिंह, तेजेंद्र पाल कश्यप ने भी संबोधित किया। क्रमिक अनशन पर में लोकेश गौड, छोटे लाल जाटव मुन्नालाल, राजाराम, मोतीराम कश्यप और सुखराम जाटव बैठे। धरना स्थल पर तेजपाल कश्यप, प्रेम शंकर, विष्णु प्रभाकर, हरेंद्र, जगत पाल सिंह, जोगेंद्र आदि मौजूद रहे।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा संभालेंगे 30 सुरक्षाकर्मी

- मुख्य गेट से लेकर हर वार्ड की सुरक्षा करेंगे



राजकीय मेडिकल कॉलेज में तैनात सुरक्षाकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा पुख्ता की जाएगी। इसके लिए शासन स्तर से 30 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। यह सुरक्षाकर्मी मुख्य गेट से लेकर अंदर प्रशासनिक कार्यालय और वार्ड और ओपीडी की सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे।


कालेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार और उप प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह ने बताया कि इन सुरक्षाकर्मियों की तैनाती से कॉलेज परिसर एवं चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। यह कदम न केवल छात्र व स्टाफ की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा, बल्कि पूरे परिसर में अनुशासन और सुरक्षित वातावरण को प्रोत्साहित करेगा। इस मौके पर डॉ. अमित कुमार, डॉ. सचिन यादव, प्रभारी अधिकारी आउटसोर्सिंग सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, मोहम्मद जुल्फिकार, अनमोल सिंह,संदीप सिंह, रजनीश, मुकेश, ममता, शाइस्ता परवीन आदि मौजूद रहे।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# रात भर कई मोहल्लों में गुल रही बिजली, हंगामा

## बिजली कटौती से रात में ठीक से नहीं सो सके लोग, फाल्ट ठीक कर 14 घंटे बाद शुरू हो सकी विद्युत सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। समय से बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को रोस्टर के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। 18 घंटे में मुश्किल से छह से आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। विद्युत विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि शहर के कई इलाकों में रात भर बिजली गुल रही। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली सप्लाई बंद होने की वजह से लोग रात में सुकून से सो नहीं सके। विद्युत आपूर्ति बंद होने की जानकारी के लिए लोग रात भर अफसरों को फोन करते रहे, लेकिन उनकी नींद नहीं टूटी। सुबह होने पर जब लोगों ने विद्युत सब स्टेशन पर हंगामा किया, तब जाकर अधिकारी जागे। इसके बाद जहां फाल्ट था उसे खोजने के बाद दोपहर एक बजे सप्लाई शुरू हो सकी। 14 घंटे बाद सप्लाई शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### कर्मचारियों के प्रति लोगों में पनप रहा आक्रोश

लोग विद्युत सब स्टेशन पर दोबारा से पहुंचते उससे पूर्व ही कर्मचारियों ने फाल्ट को ढूंढकर विद्युत सप्लाई शुरू कर दी। फाल्ट सही करने में कर्मचारियों को मात्र आधा घंटा और करीब 12 :30 बजे सप्लाई शुरू कर दी गई। विद्युत कर्मचारियों की इस लापरवाही की वजह से रात भर कई इलाके के लोगों को बिना बिजली के ही रात गुजारनी पड़ी। कार्यशाला फीडर पर कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से उपभोक्ताओं को पहली बार परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा, बल्कि सप्ताह में दो से तीन दिन ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। रात को एक बजे कभी दो बजे सप्लाई शुरू की जाती है। इसकी वजह से लोगों में विद्युत विभाग के कर्मचारियों के प्रति लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

- **सुबह 10 बजे लोगों ने विद्युत सब स्टेशन का किया घेराव**

इंद्रा नगर में रखे ट्रांसफार्मर की रॉड टूट गई थी। जिसे बदलवा दिया गया है। लोड अधिक होने की वजह से ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है।
– **सचिन**, जेई कार्यशाला फीडर

कार्यशाला फीडर से शहर की आवास विकास कॉलोनी, इंद्रा नगर, नेकपुर, सिविल लाइन एरिया सहित कई मोहल्ले जुड़े हुए हैं। इस फीडर पर अधिक लोड होने की वजह से शाम पांच बजे के बाद ट्रिपिंग शुरू हो जाती है, जो रात एक बजे तक जारी रहती है। रविवार को भी ऐसा ही हुआ। शाम पांच बजे से ट्रिपिंग शुरू हो गई। रात 11 बजे तक कई बार सप्लाई बंद करने के बाद चालू की गई। 11:30 के करीब इंद्रा नगर स्थित रखे ट्रांसफार्मर फाल्ट होने से सप्लाई बंद हो गई। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत अफसरों को फोन कर फाल्ट होने की सूचना दी। जिस पर कहा गया कि कुछ देर में फाल्ट सही कर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी, लेकिन फाल्ट को सही नहीं किया गया। इसके बाद लोग रात भर विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन करते रहे, लेकिन फोन नहीं उठा। लोगों ने जेई से लेकर एसडीओ, अधिशासी अभियंता तक को फोन किया। लेकिन अधिकारियों की नींद नहीं टूटी। सुबह आठ बजे ही इंद्रा नगर सहित अन्य मोहल्ले के लोग कार्यशाला फीडर पर पहुंच गए और हंगामा काटने लगे। तब कहीं जाकर फीडर पर मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों की नींद टूटी। इसके बाद भी करीब तीन घंटे तक विद्युत विभाग के कर्मचारी फाल्ट सही करने नहीं पहुंचे। जिस पर लोगों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया।

### ब्लॉक जगत के तीस गांवों में बिगड़ा बिजली सप्लाई का शेड्यूल, ग्रामीण हो रहे परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** ब्लॉक जगत के करीब 30 गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह फेल हो चुकी है। सुबह आठ बजे बिजली गुल होती है, जो दोपहर एक बजे शुरू होती है। भीषण गर्मी में पांच घंटे की कटौती से उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि अब तक शहर के ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर से ककराला रोड के 16 गांवों को बिजली दी जाती थी। लेकिन अब इन गांवों को ब्लॉक जगत के करौलिया फीडर से जोड़ दिया गया है जिससे बिजली सप्लाई का शेड्यूल भी बदल दिया गया है। ककराला रोड के उदमई, कुतरई, उधैनी, कटिन्ना, मई बूचन, उपरैला, सूरजपुर, रसूलपुर, उनौला, इस्लामगंज, बीबीपुर, बूचे नगला, खरखोली, जखेली, नौथू, खिरिया सहित करीब तीस गांव के लोग परेशान हैं।

गर्मी के चलते लोड अधिक होने के कारण बिजली ट्रिपिंग करती है। कुछ क्षेत्रों में दिक्कत है। प्रयास किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं को नियमित बिजली दी जाए फिर भी गर्मी के चलते दिक्कत हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ हिस्सों में बदलाव के चलते कटौती बढ़ी है, जो अब ठीक कर ली जाएगी।
– **संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम

# जमीन पर बैठकर पढ़ेंगे परिषदीय स्कूलों के बच्चे

कार्यालय संवादाता, बदायूं

- **79 परिषदीय स्कूलों में अब तक नहीं पहुंच सका फर्नीचर**
- **खरीदने को कई माह पहले विभाग को मिल चुका बजट**

**अमृत विचार :** कुछ ही दिनों में बच्चों का स्कूल में आगमन शुरू हो जाएगा। बच्चे जमीन पर पढ़ाई करने के लिए विवश होंगे, जबकि बेसिक शिक्षा विभाग को 79 परिषदीय स्कूलों के लिए फर्नीचर की खरीदारी को 266.73 लाख रुपये का बजट कई माह पूर्व मिल चुका है, लेकिन अब तक खरीदारी नहीं हो सकी है।

जारी किए गए बजट से विभाग को 31 मार्च तक फर्नीचर के 3138 जोड़े खरीद कर स्कूलों में भेजा जाना था, लेकिन अब तक विभाग की ओर से फर्नीचर नहीं खरीदा गया। बताया जा रहा है कि एक बार फर्नीचर खरीदने की कवायद बेसिक शिक्षा विभाग ने शुरू की थी। फर्नीचर की खरीद के लिए जैम पोर्टल से फर्म को नामित कर लिया था। इस पर जांच कमेटी ने स्वीकृति दे दी। इसके बाद पत्रावली अनुमोदन के लिए तत्कालीन डीएम तक पहुंची थी। बताया जाता है कि तत्कालीन डीएम को पता चला कि विभाग ने एक बोगस फर्म को नामित किया है। फर्नीचर खरीद में गोलमाल किया जाएगा।

इसकी जानकारी मिलते ही तत्कालीन डीएम के द्वारा फर्नीचर खरीद की प्रक्रिया को रद्द कर दिया और नए सिरे से फर्म का चयन करने के आदेश जारी कर दिए। इसी बीच तत्कालीन डीएम का स्थानांतरण अन्य जनपद के लिए हो गया। उसके बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू नहीं की। अब तक फर्नीचर की खरीद नहीं हो सकी है। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फर्नीचर खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही फर्म नामित कर फर्नीचर की खरीदारी कर स्कूलों में भेजा जाएगा।

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# होमगार्ड को नहीं दी नर्स ने रूम की चाबी

**उसहैत, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जब रात को ड्यूटी करने पहुंचा तो उसे वहां की नर्स ने रूम की चाबी नहीं दी। इससे रात भर होमगार्ड वहीं पर खड़ा रहा। होमगार्ड ने नर्स की शिकायत करने की बात कही है।

शासन स्तर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रात को होमगार्ड की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। इससे सीएचसी की सुरक्षा हो सके। शनिवार की रात को सीएचसी पर ड्यूटी करने पहुंचा होमगार्ड नरेश को उसके रूम में ताला लटका मिला। होमगार्ड तब रूम की चाबी लेने स्टाफ नर्स के पास गया तो उसने रूम की चाबी नहीं दी। होमगार्ड को बैठने को न बेंच थी और न ही कुर्सी थी जिससे पूरी रात होमगार्ड नरेश परेशान रहा। होमगार्ड ने पूरी रात जमीन पर बैठ कर समय बिताया। उसने रविवार को कहा कि वह इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करेगा।

# विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे सदुपयोग का किया आह्वान



छात्रों के साथ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व बिल्सी विधायक हरीश शाक्य।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **रामनाथ राम नारायण मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बांटे टैबलेट**

**अमृत विचार :** रामनाथ राम नारायण मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शेखूपुर मार्ग पर संचालित शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग संस्थान में टैबलेट वितरित किए गए। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोबरन सिंह राजपूत, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नत्थू लाल वर्मा ने डीफार्मा और बीफार्मा के 106 छात्र-छात्राओं को टैबलेट देकर सदुपयोग करने को कहा।

मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा था कि उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति से पहले मत रुको। ज्ञान को कोई बांट नहीं सकता। बिल्सी विधायक ने कहा कि इस टेबलेट का प्रयोग अपनी पढ़ाई संबंधी कार्यों के लिए करें। संस्थान के सचिव करन थरेजा, अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा, प्राचार्य उदय प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार, शिखा वर्मा, दयाराम, सुबोध पाठक, पंकज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# गलघोटू की रोकथाम के लिए टीकाकरण शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग ने पशुओं को गला घोटू से बचाने को टीकाकरण शुरू कर दिया है। गांव में पहले ग्रामीणों के साथ बैठक की। इसके बाद में 700 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

ब्लॉक सलारपुर के ग्राम वनगवां में रविवार को ब्लॉक के पशु चिकित्सक संजीव कुमार भुयाइर ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में पशु चिकित्सक ने बताया कि बारिश में पशुओं को गला घोटू की बीमारी होती है। यह बीमारी पशुओं को बेहद खतरनाक होती है। समय पर उपचार न मिलने पर पशु की जान भी जा सकती है। इसलिए गलघोटू को रोकने को पशुओं का टीकाकरण वारिस से पहले ही किया जाता है। पशु पालकों को बताया गया कि दुधारू पशुओं को भी टीके लगाए जाते हैं लेकिन जो भैंस या गाय गाभिन हैं उन्हें टीके नहीं लगाए जाते हैं। उन्होंने अपनी टीम के साथ गांव में करीब 500 से अधिक पशुओं के टीके लगाए। इसके बाद गोशाला में भी 50 गोवंश को टीके लगाए। कुछ अन्य छुट्टा गोवंश के टीके लगाए गए। शासन के निर्देश हैं कि मानसून की बारिश से पूर्व ही जिले के सभी सात लाख पशुओं के टीके लगाए जाएं। इससे बारिश में इस बीमारी को असर न रहे। इसके साथ ही गंदगी से होने वाली बीमारी खुर पका का टीकाकरण इससे पहले ही कर दिया गया है।

# तीन दिन के भ्रमण पर आएंगे सांसद आदित्य यादव

**बदायूं, अमृत विचार :** बदायूं सांसद आदित्य यादव तीन दिन जिले में रहकर जगह-जगह भ्रमण करेंगे। सोमवार को विभिन्न राजनैतिक व निजी कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। रात में डीएम रोड स्थित अपने आवास पर रुकेंगे। मंगलवार सुबह 9 बजे अपने आवास पर सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के अलावा आमजन से मुलाकात करेंगे। इसके बाद बिल्सी विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। 25 जून सुबह 11 बजे बिसौली के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।


आदित्य यादव, सांसद

# हनुमान मंदिर का मनाया 22वां वार्षिकोत्सव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मोहल्ला पटियाली सराय स्थित श्री संकट मोचन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 22वां वार्षिक उत्सव रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इससे पहले मंदिर प्रांगण में अखंड श्री रामचरितमानस का पाठ आरंभ किया गया। एक लाख आहुति वाला विशाल श्री गणपति महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसके मुख्य यजमान सुधांशु मधुरानंद पुजारी रहे।

प्रदीप शर्मा वेदपाठी, आचार्य अमित शंखधार, गोविंद नितिन, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक भारतीय, विशेष लोक अभियोजक एनडीपीसी एक्ट उत्तर प्रदेश अतुल कुमार सिंह, विनय अग्रवाल मन्नू अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, डॉ. राजीव जौहरी, दिशांत रस्तोगी एवं चाहत रस्तोगी के साथ जनपद के तमाम श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति अर्पित की। यज्ञ से पूर्व हनुमान जी महाराज को विशेष चोला चढ़ाया गया। विशेष श्रृंगार किया गया एवं छप्पन भोग लगाए गए। यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम 108 कन्या भोज कराकर भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में जनपद के तमाम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर नीरज शर्मा, विनायक, प्रतीक्षा उपाध्याय, राहुल, विपिन शर्मा, उमाकांत दुबे, अजय गुप्ता, शोभा, पूनम, सिद्धि, रती, नन्हू, कुंज, मोहित, ऋषभ शर्मा, एकांश शर्मा, सुमित मिश्रा, सूरज मिश्रा, वैष्णवी, राम आदि उपस्थित रहे।


भंडारे से पूर्व कन्याएं भोज करती हुई। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### आईरा के कार्ड वितरण का किया आयोजन



**बदायूं, अमृत विचार :** ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन इकाई ने आई-कार्ड वितरण एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि आईरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद भानु आर्य व संगठन के प्रदेश महासचिव अबरार अहमद रहे। विशिष्ट अतिथियों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी हामिद अली खां, संरक्षक रवि प्रताप सिंह, मंडल सचिव सुरेश प्रसाद शर्मा, जिला संरक्षक प्रेम कमल वार्ष्णेय, राजीवपाल व भानु प्रकाश सिंह चौहान शामिल रहे। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर वेदपाल सिंह, जिला प्रभारी नरेंद्र सिंह, पशु प्रेमी विकेन्द्र शर्मा, पर्यावरण प्रेमी सुनील गुप्ता, स्काउट गाइड के जिला कमिश्नर असरार अहमद, जिला सूचना कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए सोमेन्द्र सिंह को प्रतीक चिन्ह व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### राजमार्ग किनारे पौधे लगाकर संरक्षण का आह्वान



**बदायूं, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी यूथ के राष्ट्रीय सचिव व सभासद अली अल्वी ने साथियों के साथ बरेली-मथुरा राजमार्ग किनारे पौधरोपण कर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए जागरूक किया। कहा कि वृक्षों को बचाना सभी की जिम्मेदारी है। सभी लोग अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लें। इससे जनजीवन प्रभावित न हो और प्रकृति की खुशहाली बनी रहे। इस मौके पर अधिवक्ता जीशान फारुकी, नरेश, मुकेश ठाकुर, शान अल्वी, साधु सिंह, वाहिद अल्वी, रुमी अंसारी, संजीव आदि उपस्थित रहे।

### खालिद नदीम के निधन पर हुई श्रद्धांजलि गोष्ठी



**बदायूं, अमृत विचार :** शायर खालिद नदीम बदायूंनी के निधन पर श्रद्धांजलि गोष्ठी का आयोजन सादिक अलापुरी के आवास पर किया। वक्ताओं ने कहा कि खालिद नदीम बदायूंनी की शायरी केवल साहित्य नहीं, बल्कि तहजीब, इंसानियत और अदबी जमीर के जिंदा दस्तावेज हैं, जो आने वाली नस्लों को रोशनी और रास्ता देती रहेगी। वरिष्ठ साहित्यकार अशोक खुराना, अरशद रसूल बदायूंनी, समर बदायूंनी, वरिष्ठ शायर डॉ. सोहराब ककरालवी, हमजा नूर ककरालवी, डॉ. दानिश बदायूंनी, डॉ. प्रमोद दर्पण, वासिफ पुसगवी, सुरेंद्र नाज, कासिम बिल्सी, सगीर, अय्यूब बदायूंनी, गाजी मियां सकलैनी, शायर मुख्तार तिलहरी और ताहिर सकलैनी मौजूद रहे।

### शिविर में 31 लोगों ने किया रक्तदान



**दातागंज, अमृत विचार :** दातागंज तहसील में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें उप जिला अधिकारी न्यायिक, दातागंज नायब तहसीलदार एवं पूर्ति निरीक्षक सहित कई लेखपाल लोगों ने रक्तदान किया शिविर में 31 लोगों ने रक्तदान किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रिदेश भसीन ने रक्तदान करने के बाद कहा कि युवा लोग अधिक संख्या में रक्तदान करें। इससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके। रक्तदान करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है। उल्टा कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इसमें कैंसर और हार्ट की समस्याएं भी शामिल हैं। यदि समय-समय पर रक्तदान किया जाए तो हार्ट अटैक और कैंसर जैसी समस्याएं नहीं होगी।

### ऑल इंडिया ज्वैलर्स एसो. के जिलाध्यक्ष बने जितेंद्र



**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कटरा ब्राह्मपुर निवासी सर्राफा व्यापारी जितेंद्र महाजन को ऑल इंडिया ज्वैलर्स एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। साथ ही एक महीने के भीतर जिला कार्यकारिणी के अलावा सभी नगरों में कमेटी गठित करने को कहा है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने बताया कि ऑल इंडिया ज्वैलर्स एसोसिएशन कारपोरेट अफेयर भारत सरकार फाइनेंस मिनिस्ट्री से रजिस्टर्ड है। एसोसिएशन पूरे देश में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वह सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा, सहायता का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे। जल्द ही कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### मृतक के परिजनों ने पांचवें दिन भी दिया धरना

**बदायूं, अमृत विचार :** सेल्समैन मुकेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके परिजनों ने लगातार पांचवें दिन डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में कांग्रेसियों के साथ धरना दिया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि मृतक के परिजनों को कई दलों के नेताओं का समर्थन मिला है। बताया कि परिजन मुख्य हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने, हत्याकांड की जांच हाईकोर्ट के जज से कराने, सुरक्षा व सहायता देने की मांग की जा रही है। वहीं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह, जनता दल के प्रभारी संतोष यादव, जिला पंचायत सदस्य सुनील यादव, बाबा हरदेव विचार मंच के हरिनंदन सिंह सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे और समर्थन दिया।

